श्रद्धा | पुरुषोत्तम मास की सोमवती अमावस्या में माँ नर्मदा में लगाई गई आस्था की डुबकियां

वटवृक्ष की पूजा कर सुहागिनों ने मांगा अखंड सौभाग्य

नवभारत, जबलपुर। पुरुषोत्तम मास की सोमवती अमावस्या पर ग्वारीघाट स्थित मां नर्मदा तट पर आस्था का जनसैलाब उमड़ पड़ा। सुबह से ही बड़ी संख्या में श्रद्धालु महिलाएं नर्मदा तट पहुंचीं और पुण्य सलिला मां नर्मदा में स्नान कर धर्म लाभ अर्जित किया। इसके बाद महिलाओं ने वटवृक्ष का विधि-विधान से पूजन कर अखंड सौभाग्य, पति की दीर्घायु और परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की।

पारंपरिक वेशभूषा और सोलह श्रृंगार में सजी महिलाओं ने व्रत रखकर वटवृक्ष की पूजा-अर्चना की और परिक्रमा लगाकर पवित्र धागा बांधा। धार्मिक मान्यता के अनुसार सोमवती अमावस्या पर वटवृक्ष की पूजा करने से अखंड सौभाग्य की प्राप्ति होती है और परिवार में सुख-शांति बनी रहती है।इस अवसर पर महिलाओं ने कथा श्रवण, जप और पूजा के माध्यम से भगवान श्रीहरि का स्मरण किया और पूजन के उपरांत महिलाओं ने प्रसाद वितरण कर एक-दूसरे को सुहाग की सामग्री भेंट की।इस मौके पर नर्मदा तट पर दिनभर श्रद्धा, भक्ति और सनातन संस्कृति का अनुपम संगम देखने को मिला।

इस अवसर पर महिलाओं ने कथा श्रवण, जप और पूजा के माध्यम से भगवान श्रीहरि का स्मरण किया और पूजन के उपरांत महिलाओं ने प्रसाद वितरण किया और एक-दूसरे को सुहाग की सामग्री भेंट की।इस मौके पर नर्मदा तट पर दिनभर श्रद्धा, भक्ति और सनातन संस्कृति का अनुपम संगम देखने को मिला।

इनका कहना है

पुरुषोत्तम मास में आने वाली सोमवती अमावस्या का विशेष धार्मिक महत्व है। इस दिन मां नर्मदा में स्नान और वटवृक्ष का पूजन करने से पुण्य की प्राप्ति होती है तथा जीवन में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है।

तृप्ति दुबे, श्रद्धालु

भारतीय संस्कृति में वटवृक्ष को दीर्घायु, स्थिरता और समृद्धि का प्रतीक माना जाता है। सोमवती अमावस्या पर इसकी पूजा करना सनातन परंपरा का महत्वपूर्ण हिस्सा है।

पिंकी दुबे, श्रद्धालु

हमारी सासु माँ भले ही भौतिक रूप में वे अब हमारे बीच नहीं हैं लेकिन उनके द्वारा हमे दिए गए धार्मिक संस्कार और दान पुण्य की परंपरा हमेशा जीवंत रहेंगी।

मनीषा अग्रवाल, श्रद्धालु

वैसे तो प्रति माह अमावस्या पड़ती है लेकिन तीन साल में पड़ने वाले पुरुषोत्तम मास में पड़ने वाली अमावस्या का बहुत महत्व है।धार्मिक मान्यता है की इस दिन किया गया पुण्य दान का अक्षय फल मिलता है।

गंगा तिवारी, श्रद्धालु

बाल संरक्षण गृह में योग कार्यक्रम आयोजित

नवभारत, जबलपुर। मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सहयोग से बाल संरक्षण गृह में किशोरों के शारीरिक व मानसिक विकास के लिए विशेष योग एवं वेलनेस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस सत्र में प्रसिद्ध योगाचार्य डॉ. पराग जैन ने वहां रह रहे किशोरों को योग, प्राणायाम व ध्यान की विभिन्न विधाएं सिखाईं और बताया कि नियमित योगाभ्यास से शरीर स्वस्थ रहने के साथ एकाग्रता, आत्मविश्वास, भावनात्मक संतुलन और सकारात्मक सोच विकसित होती है। कार्यक्रम में किशोरों ने उत्साह से भाग लेकर श्वास अभ्यास व आसन सीखे, जिसके बाद डॉ. जैन ने उन्हें योग को दैनिक जीवन में अपनाने और चुनौतियों का सामना दृढ़ता से करने की प्रेरणा दी। संस्था के अधिकारियों ने डॉ. जैन के इस प्रयास की सराहना करते हुए इसे संस्थागत देखरेख वाले बच्चों के पुनर्वास, सुधार व सर्वांगीण विकास के लिए बेहद उपयोगी बताया। अंत में आयोजित संवाद सत्र में किशोरों ने अपने अनुभव बांटते हुए रोज योग करने का संकल्प लिया, जहाँ जिला विधिक सहायता अधिकारी बी. डी. दीक्षित सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

बंदियों के लिए योग अभियान का हुआ शुभारंभ

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस-2026

नवभारत,जबलपुर। आगामी अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2026 के उपलक्ष्य में मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा मध्यप्रदेश की विभिन्न जेलों में निरुद्ध बंदियों के शारीरिक, मानसिक एवं भावनात्मक कल्याण को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से सप्ताह भर चलने वाले प्रदेशव्यापी योग अभियान का शुभारंभ किया गया। अभियान का उद्घाटन सोमवार को सेंट्रल जेल, जबलपुर में किया गया तथा इसका आयोजन वर्चुअल माध्यम से प्रदेश की समस्त जेलों में एक साथ किया गया। बता दे कि केंद्रीय जेल, जबलपुर में आयोजित कार्यक्रम का शुभारम्भ न्यायमूर्ति विवेक रूसिया, कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश, मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय एवं मुख्य संरक्षक, मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा किया गया तथा आयोजित योग सत्र में सहभागिता की गई। इसी क्रम मे न्यायमूर्ति गुरपाल सिंह अहलूवालिया, न्यायाधीश, मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय, ग्वालियर खंडपीठ, तथा न्यायमूर्ति सुबोध अभ्यंकर, न्यायाधीश, मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय, इंदौर खंडपीठ, ने क्रमशः केंद्रीय जेल, ग्वालियर एवं केंद्रीय जेल, इंदौर में आयोजित कार्यक्रम में सहभागिता की।

योग समर्पण, सजगता और अनुशासन की कला है

उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए न्यायमूर्ति विवेक रूसिया ने श्रीमदभागवद्गीता के कालजयी सूत्र योगः कर्मसु कौशलम् का उल्लेख करते हुए कहा कि योग केवल शारीरिक आसनों एवं श्वास-प्रश्वास संबंधी अभ्यासों का नाम नहीं है, बल्कि प्रत्येक कार्य को समर्पण, सजगता, अनुशासन एवं समभाव के साथ करने की कला है। उन्होंने कहा कि नियमित योगाभ्यास न केवल शारीरिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाता है, बल्कि तनाव, चिंता एवं अवसाद जैसी समस्याओं से उबरने का एक प्रभावी माध्यम भी है। उन्होंने बंदियों के जीवन में सकारात्मक व्यवहारगत परिवर्तन लाने, उनके भावनात्मक स्वास्थ्य को सुदृढ़ करने तथा मानसिक दृढ़ता विकसित करने में योग की परिवर्तनकारी क्षमता पर विशेष बल दिया, जो उनके व्यक्तित्व विकास एवं पुनर्वास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। प्रदेश के विभिन्न कारागारों में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीशगण, न्यायिक अधिकारी तथा विधिक सेवा संस्थाओं के अधिकारीगण बंदियों के साथ योग सत्र में सहभागी बने। योग सत्र का संचालन योग विशेषज्ञ एवं मनोवैज्ञानिक डॉ. पराग जैन द्वारा किया गया।

एक नजर में

21 तक चलेगा आध्यात्मिक ध्यान योग चिकित्सा शिविर

नवभारत,जबलपुर। कंचन विहार जैन धर्मशाला, जबलपुर में आध्यात्मिक ध्यान योग चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया है जिसमें योग के विभिन्न आयामों से अवगत कराया जा रहा है। राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त अहिंसा योग फाउंडेशन समिति के फाउंडर योगाचार्य नवीन जैन का निर्देशन आयोजन में मिल रहा है। आयोजकों ने बताया कि सभी के स्वास्थ्य लाभ के लिए योग चिकित्सा शिविर को 21 जून तक आयोजित किया जाएगा। जिसका समय सुबह 5:45 बजे से सुबह 7 बजे तक रहेगा।यह शिविर आत्मिक शांति, मानसिक संतुलन, सकारात्मक ऊर्जा तथा स्वास्थ्य लाभ के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है। ध्यान, योग एवं आध्यात्मिक साधना के माध्यम से जीवन को स्वस्थ, सुखी एवं आनंदमय बनाने का यह एक श्रेष्ठ अवसर है।

सब स्टेशन संचालन एवं सुरक्षा पर प्रशिक्षण कार्यशालाएं

नवभारत,जबलपुर। मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी (एम.पी. ट्रांसको) की जीरो एक्सीडेंट पॉलिसी के तहत प्रदेश के विभिन्न टेस्टिंग डिवीजन मुख्यालयों में सबस्टेशन संचालन एवं मेंटेनेंस सुरक्षा संबंधी प्रशिक्षण कार्यशालाएं आयोजित की गईं। कार्यशालाएं अधीक्षण अभियंता शेखर फटाले के मार्गदर्शन में संपन्न हुईं। प्रशिक्षण के दौरान सबस्टेशन संचालन एवं अनुरक्षण कार्यों में अपनाई जाने वाली सुरक्षा प्रक्रियाओं, दुर्घटना निवारण उपायों तथा सुरक्षित कार्यशैली की जानकारी दी गई। श्री शेखर फटाले ने एसओपी एवं सेफ्टी प्रोटोकॉल के कड़ाई से पालन पर जोर देते हुए सुरक्षा उपकरणों के उपयोग और समन्वित टीमवर्क के महत्व से प्रतिभागियों को अवगत कराया। कार्यशालाओं में उज्जैन जिले के नागदा, धार जिले के बदनावर तथा राजगढ़ क्षेत्र के अभियंताओं एवं तकनीकी कर्मचारियों ने सक्रिय सहभागिता की।

महिला मोर्चा ने शिवाजी उद्यान में रोपे पौधे

नवभारत, जबलपुर। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की 'एक पेड़ माँ के नाम' पहल के तहत महिला मोर्चा ने शिवाजी उद्यान मदन महल में फलदार पौधों का रोपण किया। प्रदेश अध्यक्ष अश्विनी परांजपे एवं नगर अध्यक्ष आत्मिका सिंह के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने छत्रपति शिवाजी, पृथ्वी माँ और पौधों का पूजन-आरती कर इस अभियान की शुरुआत की। यहाँ सभी ने मिलकर आम, चीकू, लीची, अमरूद, जामुन और पीपल के पौधे लगाए। इसके साथ ही सभी उपस्थित महिलाओं ने इन रोपे गए पौधों की पूरी जिम्मेदारी के साथ देखरेख और लालन-पालन करने की सामूहिक शपथ भी ली। प्रदेश अध्यक्ष ने बताया कि पीएम नरेंद्र मोदी के कुशल शासन के 12 वर्ष पूर्ण होने पर, 224 से अब तक उनकी प्रेरणा से 14 करोड़ पौधे लगे हैं। प्रकृति संरक्षण हेतु कार्यकर्ताओं ने जनता से इलेक्ट्रिक वाहनों के उपयोग की अपील की और खुद इलेक्ट्रिक ऑटो से संभागीय कार्यालय तक यात्रा की। इस दौरान प्रदेश सहकोषाध्यक्ष अर्चना अग्रवाल, ज्योति राजपूत, समृति जैन, कल्पना तिवारी, हिना गुप्ता, नीता रजक, दीपिका चौहान, सुहाना व अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहीं।

खून की बीमारियों के इलाज में देरी हो सकती है खतरनाक : डॉ. शैलेश बांबोर्डे

नवभारत,जबलपुर। खून से जुड़ी बीमारियां अक्सर धीरे-धीरे बढ़ती हैं और शुरुआत में इनके साफ लक्षण दिखाई नहीं देते। लगातार थकान, कमजोरी, शरीर पर नीले निशान पड़ना, मसूड़ों से खून आना या बार-बार संक्रमण होना गंभीर खून की बीमारी के संकेत हो सकते हैं। समय पर जांच और सही इलाज से बीमारी का जल्दी पता चल सकता है और आगे होने वाली गंभीर परेशानियों से बचा जा सकता है।

अगर एनीमिया के इलाज के बाद भी सुधार न हो, या सीबीसी टेस्ट में हीमोग्लोबिन, सफेद खून की कोशिकाएं या प्लेटलेट्स का स्तर बिगड़ा हो, तो इसे नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। ल्यूकेमिया, लिम्फोमा या मायलोमा जैसे खून के कैंसर का शक होने पर तुरंत विशेषज्ञ डॉक्टर से जांच कराना जरूरी है। ये सारी बातें मैक्स सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, नागपुर के हेमेटोलॉजी और बोन मैरो ट्रांसप्लांट विभाग के एसोसिएट डायरेक्टर डॉ. शैलेश बांबोर्डे ने कहीं हैं।

बोन मैरो ट्रांसप्लांट जैसे उन्नत इलाज

डॉ. शैलेश बांबोर्डे ने ये भी कहा कि मेडिकल क्षेत्र में हुई प्रगति के कारण अब बोन मैरो ट्रांसप्लांट (बीएमटी) गंभीर मामलों में जीवन बचाने वाला इलाज साबित हो रहा है। थैलेसीमिया, ल्यूकेमिया, एप्लास्टिक एनीमिया में डोनर से एलोजेनिक और मल्टीपल मायलोमा व लिम्फोमा में मरीज की अपनी कोशिकाओं से ऑटोलॉगस ट्रांसप्लांट अनुभवी डॉक्टरों की देखरेख में होता है। साथ ही बोन मैरो बायोप्सी, फ्लो साइटोमेट्री, मॉलिक्यूलर टेस्टिंग, टार्गेटेड थेरेपी और इम्यूनोथेरेपी से सटीक इलाज संभव है। जागरूकता और प्राथमिक डॉक्टर द्वारा समय पर हेमेटोलॉजिस्ट के पास रेफर करना इलाज के लिए अहम है। रिपोर्ट में गड़बड़ी या लंबे समय तक लक्षण दिखने पर तुरंत विशेषज्ञ सलाह से बीमारी का जल्द पता चलता है और रिकवरी की संभावना बढ़ती है। इस दिशा में मैक्स हेल्थकेयर आधुनिक अनुसंधान के साथ उत्कृष्ट चिकित्सा सेवाएं देने को प्रतिबद्ध है।

अनेकांत और समवेत स्वर की काव्य गोष्ठी संपन्न

नवभारत,जबलपुर। श्रीजानकीरमण महाविद्यालय में दोनों संस्थाओं के संयुक्त तत्वाधान में वृहत काव्य गोष्ठी संपन्न हुई। इस अवसर पर डॉ कौशल दुबे, डॉ शिवकुमार व्यास, अभिमन्यु जैन को साहित्य अकादमी पुरस्कार घोषित होने पर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर डॉ अभिजात कृष्ण त्रिपाठी,शरद भाई पालन,बबलू दुबे, राजेंद्र मिश्रा,डॉ अरूणा पान्ड़े, डॉ संध्या जैन श्रुति,राज सागरी, सुरेश विचित्र, डॉ कमलेश व्यास, महेश मानव, रवीन्द्र राघव, डॉ उदयभानु तिवारी, डॉ रामशंकर शुक्ला, संतोष दुबे, चंद्रकांत जैन, आशुतोष तिवारी कृष्णकांत अग्रवाल, जी डी अग्रवाल,वी एस ठाकुर,दविन्दर ग्रोवर, अजय शुक्ला,आदि ने स्वरचित रचनाओं का पाठ किया। कार्यक्रम का संचालन समवेत स्वर के संस्थापक आशुतोष तिवारी ने किया कृष्ण कान्त अग्रवाल ने आभार व्यक्त किया।

मप्र को मिला ऊर्जा अवसंरचना उत्कृष्टता सम्मान

नवभारत,जबलपुर। केन्द्रीय नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री प्रह्लाद जोशी ने गोवा में ग्लोबल विंड डे 226 के अवसर पर 'पवन ऊर्जा महत्वाकांक्षा से तीव्र क्रियान्वयन तक' विषय पर आयोजित सम्मेलन में मध्य प्रदेश को उभरती नवीकरणीय ऊर्जा अवसंरचना उत्कृष्टता का सम्मान प्रदान किया। इस सम्मान को मध्य प्रदेश के ऊर्जा सचिव विशेष गढ़पाले ने ग्रहण किया। इस अवसर पर केन्द्रीय नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा राज्य मंत्री श्रीपाद येसो नाइक सहित केंद्रीय मंत्रालयों, राज्य सरकारों, राज्य नोडल एजेंसियों, डिस्कॉम्स, केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रमों, पवन टर्बाइन निर्माताओं, स्वतंत्र विद्युत उत्पादकों, डेवलपर्स तथा अन्य पारिस्थितिकी तंत्र भागीदारों के वरिष्ठ प्रतिनिधि उपस्थित थे।

अमृत योजना में लापरवाही के खिलाफ युवा कांग्रेस का प्रदर्शन

नवभारत, जबलपुर। गोकलपुर मुख्य मार्ग पर अमृत योजना के तहत पाइप लाइन बिछाने के कार्य में हुई घोर लापरवाही और भ्रष्टाचार के खिलाफ आज युवा कांग्रेस केंट विधानसभा अध्यक्ष सौरभ यादव ने सहयोगियों और क्षेत्रीय नागरिकों के साथ मिलकर नगर निगम प्रशासन के खिलाफ पुरजोर विरोध प्रदर्शन किया। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही पक्का निर्माण कर सड़क के गड्ढे को नहीं भरा गया और बंद किए गए नालों का रास्ता बहाल नहीं किया गया, तो वे जनता के साथ मिलकर उग्र आंदोलन करेंगे।

प्रशासनिक लापरवाही के कारण पाइप लाइन डालने के बाद गड्ढों को बंद करते समय सड़क के दोनों किनारों के नालों को गैर-जिम्मेदाराना तरीके से बंद कर दिया गया है। इससे आगामी बारिश में जल निकासी ठप होने के कारण स्थानीय घरों में पानी भरने का गंभीर संकट पैदा होना तय है। घटिया निर्माण के चलते पहली ही बारिश में शुक्ला ऑटोमोबाइल शोरूम के सामने की मुख्य सड़क धंस गई है, जिससे वहाँ एक बड़ा और गहरा गड्ढा हो गया है। रात के समय नाले से जुड़े इस गहरे गड्ढे में गिरकर कई राहगीर चोटिल भी हो चुके हैं, जो किसी बड़ी दुर्घटना को खुला बुलावा दे रहा है। इस विरोध प्रदर्शन में मुख्य रूप से पूर्व पार्षद राजेश यादव, सौरभ यादव, अतुल डोंगरे, सुमित यादव, विकास यादव, संदीप कोल, रीना विश्वकर्मा, देवेंद्र शर्मा, उर्मिला श्रीवास, टुन्नू सोंधिया, गिरजाशंकर और लालू राजभर सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

शिकायतों का त्वरित निराकरण करें

नवभारत, जबलपुर। संभागायुक्त धनंजय सिंह ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर सीएम हेल्पलाइन की लंबित शिकायतों और शासकीय योजनाओं के त्वरित निराकरण के निर्देश दिए। उन्होंने अस्पतालों में दवाओं की उपलब्धता, आयुष्मान कार्ड, प्रसूति सहायता, मातृवंदना राशि के भुगतान, वृद्धा पेंशन तथा छात्रवृत्ति से जुड़ी समस्याओं को समय पर सुलझाने को कहा। बैठक में जन कल्याण शिविरों, स्वच्छता, 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान, जल गंगा संवर्धन और योग दिवस की तैयारियों की भी समीक्षा करते हुए उन्होंने अधिकारियों को फरियादियों से संवाद कर समाधान करने के निर्देश दिए।

मुहर्रम पर्व को लेकर शहर में बढ़ी हलचल, ताजिए और सवारियों की तैयारियां तेज

नवभारत,जबलपुर। पैगम्बर-ए-इस्लाम हज़रत मोहम्मद सल्लल्लाहो अलैहे वसल्लम के नवासे हज़रत इमाम हुसैन रज़ियल्लाह अन्हो की याद में मनाए जाने वाले मुहर्रम पर्व की तैयारियां संस्कारधानी जबलपुर में शुरू हो गई हैं। मुस्लिम बाहुल्य इलाकों में शहीदी कलाम गूंजने लगे हैं और इमामबाड़ों में साफ-सफाई, रंग-रोगन एवं सजावट का कार्य तेज हो गया है।

मुफ़्ती-ए-आज़म मध्यप्रदेश हज़रत मौलाना मुशाहिद रज़ा क़ादरी बुरहानी के अनुसार 16 जून मुताबिक 29 जिलहिज्जा को मुहर्रम का चांद नजर आने की उम्मीद है। लिहाजा सांय मगरिब के वक्त चाँद देखने की पूरी कोशिश करें। चाँद नजर आने पर मौलाना साहब के मोबाइल नंबर 9302256729, 9303899999, 8889186720 पर फौरन इत्तिला दें, ताकि राब्ता कायम करने में सहूलियत हो और चाँद का एलान किया जा सके। इसके साथ ही इस्लामी नववर्ष हिजरी सन 1448 का आगाज होगा। संस्कारधानी जबलपुर में मुहर्रम का पर्व हजरत इमाम हुसैन की याद में अकीदत और एहतराम के साथ मनाया जाता है। शहर का मुहर्रम कौमी एकता और सांप्रदायिक सौहार्द की मिसाल माना जाता है, जिसमें मुस्लिम समाज के साथ-साथ हिंदू एवं अन्य धर्मों के लोग भी अकीदत के साथ शामिल होते हैं।

इन इलाकों में गूंजने लगे शहीदी कलाम

शहर के नालबंद मोहल्ला, मोतीनाला, चारखम्बा, गोहलपुर, मंडी मदार टेकरी, आनंद नगर, रजा चौक, ठक्कर ग्राम, फूटाताल, ओमती, नया मोहल्ला, सदर, गढ़ा और रांझी सहित विभिन्न क्षेत्रों में शहीदी कलामों की गूंज सुनाई देने लगी है। मुस्लिम इस्लाह कमेटी के हाजी क़दीर सोनी, सरदार हामिद हुसैन, हाजी मक़बूल अहमद रज़वी, हाजी शेख जमील नियाज़ी, मतीन अंसारी, पप्पु वशीम खान, हाजी मुईन खान, चंगेज खान अशरफी, जमा खान, अमीन कुरैशी, प्यारे साहब, जैदी बाबा, मुबारक अली क़ादरी, सैयद क़ादिर अली क़ादरी, ने मुहर्रम के मद्देनजर मदन महल दरगाह रोड, कचहरी दरगाह पर पुलिस गश्त बढ़ाने की मांग प्रशासन से की है।

आस्था | भक्ति और सेवा का संगम, गुजराती समाज की महिलाओं का आयोजन

पुरुषोत्तम मास की अमावस्या पर सामूहिक गौ-दान

नवभारत,जबलपुर। पुरुषोत्तम मास की अमावस्या पर सामाजिक एवं धार्मिक संस्था 'प्रेरणा ज्योत - मानव सेवा ही प्रभु सेवा' द्वारा गुजराती मंडल, मढ़ाताल में भव्य गौदान महोत्सव का आयोजन किया गया। श्रद्धा, सेवा और सनातन परंपराओं से ओतप्रोत इस आयोजन में गुजराती समाज की महिलाओं ने सामूहिक गौदान, यमुनाष्टक पाठ, अन्नकूट और गरबा के माध्यम से भगवान श्रीहरि की आराधना की। पूरे आयोजन के दौरान परिसर भक्तिमय वातावरण से सराबोर रहा।

गौ-दान को बताया महादान

संस्था की संस्थापक किरणबेन माणेक ने बताया कि सनातन धर्म में पुरुषोत्तम मास के दौरान किया गया गोदान सभी दानों में श्रेष्ठ माना गया है। धार्मिक मान्यता के अनुसार इस पवित्र मास में गौदान करने से व्यक्ति के ज्ञात-अज्ञात पापों का क्षय होता है तथा भगवान विष्णु की विशेष कृपा प्राप्त होती है। इसी उद्देश्य से श्रद्धालु महिलाओं ने सामूहिक रूप से गौदान कर धर्म लाभ अर्जित किया। महोत्सव के दौरान महिलाओं ने सप्त धान्य से सामूहिक मंडप भरने की परंपरा का निर्वहन किया।

यमुनाष्टक पाठ से गूंजी प्रभु भक्ति

धार्मिक अनुष्ठान के अंतर्गत श्रद्धालुओं ने सामूहिक रूप से यमुनाष्टक पाठ किया। इस अवसर पर यमुना मैया की महिमा का गुणगान किया गया तथा लोटीजी पूजन की परंपरागत विधि संपन्न कर प्रसाद वितरण किया गया। महिलाओं ने पूरे उत्साह और श्रद्धा के साथ अनुष्ठानों में भाग लिया।

गिरिराज जी की झांकी ने मोहा मन

पूजा स्थल पर सजाई गई गिरिराज की आकर्षक झांकी श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रही। श्रद्धालुओं ने दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। भजन-कीर्तन और संकीर्तन के माध्यम से प्रभु महिमा का बखान किया गया, जिससे पूरा परिसर भक्तिरस में डूब गया। रंग-बिरंगे पारंपरिक परिधानों में सजी महिलाओं ने गरबा रास प्रस्तुत कर भगवान की आराधना की।

श्रीहरि को अर्पित किया छप्पन भोग

आयोजन का प्रमुख आकर्षण छप्पन भोग (अन्नकूट)रहा। श्रद्धालु महिलाओं ने अपने-अपने घरों से विभिन्न प्रकार के व्यंजन तैयार कर लाई थीं, जिन्हें भगवान श्रीहरि, गिरिराज जी एवं अन्य देवी-देवताओं को अर्पित किया गया। सामूहिक सहभागिता से तैयार छप्पन भोग का महाप्रसाद बाद में श्रद्धालुओं में वितरित किया गया। सभी भक्तों ने महाप्रसाद ग्रहण कर धर्म लाभ प्राप्त किया। धार्मिक आयोजन को सफल बनाने में सोनाबेन, प्रीतिबेन, दिशाबेन, अल्पाबेन, सेजलबेन, हर्षिदाबेन एवं जूलीबेन सहित समाज की अनेक महिलाओं का विशेष सहयोग रहा। अक्षय पुण्य का माह है पुरुषोत्तम मास संस्था की संस्थापक किरणबेन माणेक ने कहा कि पुरुषोत्तम मास जप, तप, कथा श्रवण और दान-पुण्य के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण माना जाता है। इस माह में किए गए धार्मिक कार्यों का अक्षय फल प्राप्त होता है। वहीं श्रद्धालु दिशा जोबनपुत्रा ने कहा कि पुरुषोत्तम मास की धार्मिक मान्यता है कि इस माह में किया गया दान-पुण्य अक्षय फल प्रदान करता है। पूरे माह श्रद्धालुओं ने अपने-अपने तरीके से भगवान श्रीहरि की आराधना की और मानव सेवा का संकल्प लेकर समाज कल्याण की भावना को मजबूत किया।

रक्तदान शिविर में जुटे समाजसेवी

नवभारत, जबलपुर। विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर आस्था सोशल वेलफेयर सोसायटी द्वारा आयोजित रक्तदान शिविर में समाजसेवियों और युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए जरूरतमंद मरीजों के लिए लगभग 15 यूनिट रक्तदान किया। शिविर का आयोजन गौ माता चौक स्थित जबलपुर ब्लड सेंटर में किया गया।

संस्था की अध्यक्ष सोनल सोनी ने बताया कि आस्था सोशल वेलफेयर सोसायटी समय-समय पर जनहित और मानव सेवा से जुड़े कार्यक्रम आयोजित करती है। इसी क्रम में विश्व रक्तदाता दिवस पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लेकर मानवता के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाई। शिविर में सोनल सोनी, रेनू, अमृता, चिराग सुहाने, चिराग सोनी, डिंपल, निधि और मानसी सहित अन्य रक्तदाताओं ने रक्तदान किया। इस दौरान रक्तदाताओं ने कहा कि रक्तदान एक ऐसा महादान है, जो किसी जरूरतमंद व्यक्ति को नया जीवन दे सकता है। स्वस्थ व्यक्ति द्वारा किया गया रक्तदान अनेक मरीजों के लिए आशा की किरण बनता है। सोनल सोनी ने कहा कि 'रक्तदान का छोटा-सा प्रयास किसी जरूरतमंद के लिए जीवनदान बन जाता है। समाज के प्रत्येक स्वस्थ व्यक्ति को नियमित रूप से रक्तदान के लिए आगे आना चाहिए।'